27/8/2020
THURSDAY

HINDI

STD - X
class - 10

Assignment

1) टूटा पहिया पाठ के आधार पर बताइए प्रत्येक शब्द किसका प्रतिक हो सकता है ?

Ans)

टूटा पहिया	मानव मूल्य
अभिमन्यू	आम जनता
महारथी	शासक वर्ग
चक्रव्यूह	शोषण
ब्रह्मास्त्र	शक्तिशाली हथियार

2) कविता के आस्वादन - टिप्पणी लिखें।

Ans) ये हिंदी के प्रमुख कवि धर्मवीर भारती की कविता टूटा पहिया की पंक्तियाँ हैं। महाभारत युद्ध में भीष्म, द्रोण और कर्ण जैसे बड़े - बड़े महारथी जानते थे कि उन्होंने असत्य और अधर्म का पक्ष लिया है। यह जानते हुए भी उन महारथियों ने अपने ब्रह्मास्त्रों से अभिमन्यू की अकेली निहत्थी आवाज़ को कुचल डालना चाहा। उस वक्त अभिमन्यू ने अपने रथ के टूटे हुए पहिए को हथियार बनाकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा लिया था। रथ का टूटा हुआ पहिया मानव मूल्यों की प्रतीक है। शासक वर्ग अपने अधिकार और शक्ति का दुरुपयोग करके आम जनता को कुचल डालना चाहता है। मानव - मूल्य एक ऐसा हथियार है, जिसके सहारे अकेला निहत्था मानव ब्रह्मास्त्रों का सामना कर सकता है। मानव मूल्यों की शक्ति सरल भाषा में कवि ने व्यक्त की गयी है।